# पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय, रायपुर (छ.ग.)

दूरभाष : 0771–2262802 (अकादमिक), 0771–2262540 (कुलसचिव), फैक्स–0771–2262818, 2262607


क्र. 1102/अका./NEP/2025 रायपुर, दिनांक 20/06/2025

प्रति,

प्राचार्य
सम्बद्ध समस्त शासकीय एवं अशासकीय महाविद्यालय,
(केवल बी.एड. संचालित महाविद्यालय को छोड़कर)
पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय, रायपुर (छ.ग.)

विषय :– राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 : क्रियान्वयन के बिन्दु पर आयोजित एक दिवसीय कार्यशाला के आयोजन बाबत्।

संदर्भ :– कार्यालय आयुक्त, उच्च शिक्षा संचालनालय का पत्र क्र. 814/187/आ.उ.शि./गु.प्र./2025, नया रायपुर दिनांक 19.06.2025

उपरोक्त विषयांतर्गत लेख है कि पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय रायपुर एवं छत्तीसगढ़ शासन, उच्च शिक्षा संचालनालय, रायपुर के तत्वाधान में इस विश्वविद्यालय से सम्बद्ध महाविद्यालयों में राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के क्रियान्वयन के बिन्दु पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन दिनांक 24.06.2025 को प्रातः 10:30 बजे से विश्वविद्यालय प्रेक्षागृह पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय, रायपुर में किया गया जा रहा है। जिसमें मुख्य वक्ता के रूप में डॉ. जी.ए. घनश्याम, संयुक्त संचालक, उच्च शिक्षा विभाग, संचालनालय, नवा रायपुर एवं डॉ. डी.के. श्रीवास्तव, OSD (NEP), उच्च शिक्षा विभाग, संचालनालय, नवा रायपुर उपस्थित होंगे।

उक्त कार्यशाला में आपकी एवं आपके महाविद्यालय के NEP नोडल अधिकारी की उपस्थिति अनिवार्य है। अनुपस्थित होने पर अनुशासनात्मक कार्यवाही हेतु स्वयं जिम्मेदार होंगे।

**टीप** :– समस्त प्राचार्य व NEP नोडल अधिकारी पंजीयन हेतु 10:00 बजे उपस्थित होना सुनिश्चित करेंगे।

आदेशानुसार

कुलसचिव

पृ. क्रमांक 1103/अका./ NEP/2025 रायपुर, दिनांक 20/06/2025

प्रतिलिपि :–

01. अपर संचालक, उच्च शिक्षा संचालनालय, नवा रायपुर, अटल नगर को सादर सूचनार्थ।
02. संभागीय अपर संचालक, उच्च शिक्षा, रायपुर को सादर सूचनार्थ।
03. डॉ. जी.ए. घनश्याम, संयुक्त संचालक, उच्च शिक्षा संचालनालय, नवा रायपुर, अटल नगर को सादर सूचनार्थ।
04. डॉ. डी.के. श्रीवास्तव, OSD, उच्च शिक्षा विभाग, संचालनालय, नवा रायपुर को सादर सूचनार्थ।
05. संयोजक एवं समस्त सदस्य, "राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 क्रियान्वयन प्रकोष्ठ", पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय, रायपुर को सादर सूचनार्थ।
06. वित्त अधिकारी, पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय, रायपुर को सादर सूचनार्थ।
07. संचालक, MMTTC, कार्यशाला संचालन हेतु सादर सूचनार्थ।
08. आयुक्त के निज सचिव को, माननीय आयुक्त महोदय के सादर सूचनार्थ।
09. कुलपति के निज सचिव को, माननीय कुलपति महोदय के सादर सूचनार्थ।
10. समस्त विभागाध्यक्ष, पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय, रायपुर को सादर सूचनार्थ।
11. यांत्रिकी विभाग, पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय, रायपुर को सादर सूचनार्थ।

उप कुलसचिव (अका.)

Scanned with CamScanner

# कार्यालय आयुक्त, उच्च शिक्षा संचालनालय

ब्लॉक –3 द्वितीय एवं तृतीय मंजिल, इंद्रावती भवन, नवा रायपुर, अटल नगर (छ.ग.)
Email- slqaccg@gmail.com, Website – highereducation.cg.gov.in

क्र. 814 /187/आउशि /गु.प्र./2025 नवा रायपुर, दिनांक : 19/06/ 2025

प्रति,

1. कुलसचिव
   समस्त राजकीय विश्वविद्यालय
   छत्तीसगढ़
2. प्राचार्य
   समस्त संभागीय अग्रणी महाविद्यालय,
   छत्तीसगढ़

विशयः राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अंतर्गत पूर्नउन्मुखीकरण कार्यक्रम योजना 2025 के संबंध में।

-----00-----

विषयांतर्गत लेख है कि छत्तीसगढ शासन, उच्च शिक्षा विभाग द्वारा प्रदेश के समस्त राजकीय विश्वविद्यालयों तथा सम्बद्ध समस्त शासकीय एवं अशासकीय महाविद्यालयों में सत्र 2024–25 से स्नातक स्तर पर राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 लागू है। यद्यपि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 अन्तर्गत स्नातक पाठ्यक्रम के प्रथम शैक्षणिक सत्र के दो सेमेस्टर सफलतापूर्वक पूर्ण कर लिया गया है तथापि आगामी सत्र 2025–26 के लिए राज्य स्तर पर उन्मुखीकरण कार्यक्रम/जागरूकता अभियान आयोजित किया जाना उचित एवं अनिवार्य है।

प्रावधानानुसार तृतीय सेमेस्टर के विद्यार्थियों हेतु जेनेरिक इलेक्टिव (GE) अथवा डिसिप्लीन स्पेसिफिक इलेक्टिव (DSE) का चयन करने की अवधारणा, वैल्यू एडिशन कोर्स (VAC) एवं स्किल एन्हांसमेंट कोर्स (SEC) का महत्व, एबिलिटी एन्हांसमेंट कोर्स (AEC) का विकल्प, सतत आंन्तरिक मूल्यांकन की प्रक्रिया एवं महत्व, सेमेस्टरवार प्रोन्नत्ति नियम आदि के सम्बन्ध में हितग्राहियों के लिए राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के संदर्भ में उन्मुखीकरण/जागरूक किया जाना उचित एवं आवश्यक है।

उपरोक्तानुसार उद्देश्यों के पूर्ति हेतु निम्नानुसार त्रीस्तरीय कार्यशालाओं का आयोजन किया जाना प्रस्तावित है, जहॉ विश्वविद्यालय एवं सम्भाग स्तर पर आयोजित कार्यशालाओं के स्रोत व्यक्ति के रूप में एन.ए.पी. प्रकोष्ट, उच्च शिक्षा संचालनालय से डॉ. जी. ए. घनश्याम एवं डॉ. डी. के. श्रीवास्तव उपस्थित होंगे।

**1. चक्र – अः विश्वविद्यालयवार कार्यशाला आयोजित किया जाना**

| विश्वविद्यालय | प्रस्तावित तिथि | प्रतिभागी | आयोजक |
|---|---|---|---|
| सन्त गहिरा गुरू विश्वविद्यालय, अम्बिकापुर | 06 जून 2025 (पूर्ण) | प्राचार्य एव एन.ई.पी. नोडल अधिकारी, समस्त संबंद्ध शासकीय एव अशासकीय महाविद्यालय | सम्बन्धित विश्वविद्यालय |
| शहीद नन्द कुमार पटेल विश्वविद्यालय, रायगढ | 20 जून 2025 | | |
| पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय, रायपुर | 24 जून 2025 | | |
| अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय, बिलासपुर | 27 जून 2025 | | |
| हेमचन्द यादव विश्वविद्यालय, दुर्ग | 30 जून 2025 | | |
| शहीद महेन्द्र कर्मा विश्वविद्यालय, जगदलपुर | 02 जुलाई 2025 | | |
| कुशाभाऊ ठाकरे विश्वविद्यालय, रायपुर | 14 जुलाई 2025 | | |
| पं. सुन्दरलाल शर्मा मुक्त विश्वविद्यालय, बिलासपुर | 18 जुलाई 2025 | | |
| इंदिरा कला संगीत विश्वविद्यालय, खैरागढ़ | 21 जुलाई 2025 | | |

क्रमश......02......

Scanned with CamScanner

**2. चक्र – ब: सम्भागवार कार्यशाला आयोजित किया जाना**

| सम्भाग | प्रस्तावित तिथि | प्रतिभागी | आयोजक |
|---|---|---|---|
| बस्तर सम्भाग, | 02 जुलाई 2025 | प्राचार्य, शासकीय महाविद्यालय एवं सम्भाग के मास्टर ट्रेनर्स तथा एम्बेस्डर विद्यार्थी | शास. काकतीय स्नात. महा. जगदलपुर |
| सरगुजा सम्भाग | 04 जुलाई 2025 | | राजीव गांधी शासकीय पी.जी. महा. अंबिकापुर |
| बिलासपुर सम्भाग | 07 जुलाई 2025 | | शासकीय बिलासा कन्या महाविद्यायल, बिलासपुर |
| दुर्ग सम्भाग | 09 जुलाई 2025 | | शासकीय व्ही.वाय.टी. पी.जी. महाविद्यालय, दुर्ग |
| रायपुर सम्भाग | 11 जुलाई 2025 | | शासकीय नागार्जुन विज्ञा न महाविद्यालय, रायपुर |

**3. चक्र – स: महाविद्यालयवार कार्यशाला आयोजित किया जाना**

- मास्टर ट्रेनर्स एवं एन.ई.पी. नोडल अधिकारी स्रोत व्यक्ति होंगे
- **प्रतिभागी–** महाविद्यालयीन समस्त शिक्षक एवं कर्मचारी गण तथा एम्बेस्डर दल

**नोटः समस्त शासकीय/अशासकीय** महाविद्यालयों के **प्राचार्य, नईपी नोडल, एवं संभाग के मास्टर ट्रेनर्स की उपस्थिति अनिवार्य हैं। संबंधित किसी को प्रतिनिधि के रूप में न भेजे। अनुपस्थिति की स्थिति में संबंधित स्वयं अनुशंसनात्मक कार्यवाही के लिये जिम्मेवार होंगे।**

**(डॉ. संतोष कुमार देवांगन)**
**आयुक्त**
**उच्च शिक्षा संचालनालय,**
**नवा रायपुर, अटल नगर (छ.ग.)**

पृ.क्र. 815/187/आउशि /गु.प्र./2025 नवा रायपुर, दिनांक : 19/06/ 2025

प्रतिलिपिः–

1. सचिव, छत्तीसगढ़ शासन, उच्च शिक्षा विभाग, मंत्रालय महानदी भवन को सूचनार्थ।
2. अपर संचालक, क्षेत्रीय कार्यालय रायपुर/बिलासपुर/दुर्ग/बस्तर/अंबिकापुर को समस्त शासकीय एवं अशासकीय महाविद्यालयों के प्राचार्यो, एनईपी नोडल, एवं संभाग के मास्टर ट्रेनर्स तथा एम्बेसडर विद्यार्थी की अनिवार्य उपस्थिति सुनिश्चित करने हेतु सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

**आयुक्त**
**उच्च शिक्षा संचालनालय,**
**नवा रायपुर, अटल नगर (छ.ग.)**

Scanned with CamScanner